# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION – 2024

# माध्यमिक स्कूल परीक्षा – 2024

## ANNUAL (वार्षिक)

**Sub. Code -105**

**Model Set**

**SANSKRIT (SIL)**

**संस्कृत (SIL)**

**समय : 3 घंटे 15 मिनट** **पूर्णांक – 100**

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–***

***Instructions for the candidates :-***

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर–पत्रक पर अपनी प्रश्न–पुस्तिका का क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।
2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
5. यह प्रश्न–पुस्तिका दो खण्डों में विभक्त है– खण्ड–'अ' एवं खण्ड–'ब'।
6. खण्ड–अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है। 50 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन कम्प्यूटर द्वारा किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए '1' अंक निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराये गये OMR उत्तर–पत्रक में दिये गये सही विकल्प को काले/नीले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का OMR उत्तर–पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।
7. खण्ड–'ब' में कुल 5 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं।
8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

## खण्ड–अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर–पत्रक पर चिह्नित करें। [50X1=50]

1. स्वर्णमय पात्र से किसका मुँह ढँका हुआ है ?

(A) कलश का (B) सत्य का

(C) मानव का (D) धर्म का

2. संस्कृत में विभक्तियाँ हैं –

(A) पाँच (B) आठ

(C) सात (D) चार

3. 'तदत्र' में कौन–सी संधि है ?

(A) व्यंजन (B) स्वर

(C) विसर्ग (D) गुण

4. 'संस्कृतशिक्षा' का विग्रह क्या होगा ?

(A) संस्कृतम् शिक्षा (B) संस्कृतस्य शिक्षा

(C) संस्कृतात् शिक्षा (D) संस्कृतेन शिक्षा

5. 'नाना' अव्यय के योग में कौन–सी विभक्ति नहीं होती है ?

(A) पंचमी (B) तृतीया

(C) द्वितीया (D) चतुर्थी

6. 'धारेरुत्तमर्णः' सूत्र का उदाहरण वाक्य है –

(A) मोहनः श्यामाय शतं धारयति। (B) हरये रोचते भक्तिः।

(C) अहं संस्कृताय स्पृह्यामि। (D) रावणः रामाय असूयति।

7. 'उभयतः' अव्यय के योग में कौन–सी विभक्ति होती है ?

(A) तृतीया (B) पंचमी

(C) चतुर्थी (D) द्वितीया

8. 'सम्प्राप्तः' पद में कौन–सा प्रत्यय है ?

(A) प्राप् (B) तः

(C) सम् (D) क्त

9. 'सरसि' पद का मूल रूप है –

(A) सरः (B) सरस्

(C) सरसी (D) सरांसि

10. 'एधि' किस धातु का रूप है ?

(A) एति (B) एध्

(C) एधति (D) इण्

11. 'वच् + क्त्वा' से कौन–सा अव्यय बनेगा ?

(A) वदित्वा (B) उक्त्वा

(C) उक्तम् (D) विदितम्

12. 'एकदा' में कौन–सा तद्धित प्रत्यय है ?

(A) धा (B) थाल्

(C) दा (D) तसिल्

13. 'पति' का स्त्रीलिंग क्या होगा ?

(A) पती (B) पत्नी

(C) पतीनाम् (D) पतिः

14. 'सत्यमेव जयते नानृतं' पद्यांश किस उपनिषद् से संकलित है ?

(A) ईशावास्योपनिषद् (B) कठोपनिषद्

(C) मुण्डकोपनिषद् (D) श्वेताश्वतरोपनिषद्

15. 'अपिहितम्' का अर्थ है –

(A) मुख (B) ढँका हुआ

(C) मार्ग (D) छिपा हुआ

16. 'पटना में हमेशा युद्ध, आग और बाढ़ का भय रहेगा।' किसने कहा था ?

(A) भगवान् बुद्ध (B) भगवान् महावीर

(C) चन्द्रगुप्त मौर्य (D) मेगास्थनीज

17. 'पाटलिग्राम' किस नदी के तट पर स्थित था ?

(A) गंगा (B) यमुना

(C) कोसी (D) गंडक

18. 'अलसकथा' पाठ किस ग्रंथ से संकलित है ?

(A) कीर्तिलता (B) पत्रावली

(C) पुरुषपरीक्षा (D) कीर्त्तिपताका

19. 'अलसकथा' कैसी कथा है ?

(A) बालकथा (B) हास्यकथा

(C) धार्मिककथा (D) व्यंग्यात्मककथा

20. ‘लौकिकसंस्कृतसाहित्ये प्रायेण ...... कवयित्रीणां सार्धशतं पद्यानि लभ्यन्ते’ –

रिक्तस्थान की पूर्ति उचित विकल्प से करें –

(A) त्रिंशत् (B) चत्वारिंशत्

(C) चतुर्विंशतिः (D) पंचाशत्

21. जनक की सभा में शास्त्रार्थकुशला कौन थी ?

(A) मैत्रेयी (B) गार्गी

(C) सुलभा (D) शीला भट्टारिका

22. ‘षोडशशतके अच्युतरायस्य राज्ञी तिरुमलाम्बा ........ नामकं प्रौढं चम्पूकाव्यमरचयत् –

रिक्तस्थान की पूर्ति उचित विकल्प से करें –

(A) वरदाम्बिकापरिणय (B) सत्याग्रहगीता

(C) मधुराविजयम् (D) शंकरचरितम्

23. विशाल संस्कृतसाहित्य किसके द्वारा संवर्धित है ?

(A) कवियों (B) शास्त्रकारों

(C) कवियों और शास्त्रकारों (D) कलाकारों

24. ‘भारतमहिमा’ पाठ में पुराणों से कितने पद्य संकलित हैं ?

(A) पाँच (B) दो

(C) तीन (D) चार

25. ‘आपगाभिः’ पद का अर्थ है –

(A) सागरों से (B) पर्वतों से

(C) नहरों से (D) नदियों से

26. भारतभूमि सदा किससे सेवित है ?

(A) सागरों से

(B) पर्वतों और झरनों से

(C) नदियों से

(D) इनमें से सभी से

27. गर्भाधान संस्कार का प्रयोजन क्या है ?

(A) गर्भरक्षा

(B) गर्भस्थ शिशु में संस्कारारोपण

(C) गर्भवती की रक्षा

(D) इनमें से सभी

28. 'देवाः गीतकानि गायन्ति'– प्रश्ननिर्माण के लिए रेखांकित पद के स्थान में कौन–सा पद होगा ?

(A) काः

(B) के

(C) किम्

(D) कानि

29. 'आकृष्य' अव्यय का अर्थ है –

(A) लिखकर

(B) खींच करके

(C) जाकर

(D) सोकर

30. गोलघर कहाँ स्थित है ?

(A) पटना में

(B) दरभंगा में

(C) गया में

(D) पूर्णियाँ में

31. 'स्त्रीणां गतिः पतिरेव।' – प्रश्ननिर्माण के लिए रेखांकित पद के स्थान में क्या होगा?

(A) कासाम्

(B) केषाम्

(C) कस्याः

(D) कैः

32. गुरुद्वारा कहाँ स्थित है ?

(A) गया

(B) भागलपुर

(C) आरा

(D) पटना

33. हम सबों में भारतवर्ष के प्रति क्या होनी चाहिए ?

(A) गुरुभक्ति (B) पितृभक्ति

(C) देवभक्ति (D) देशभक्ति

34. 'परोपकारिणी' में कौन सा स्त्री प्रत्यय है ?

(A) ङीष् (B) ङीन्

(C) ङीप् (D) ति

35. '.......... रक्षकाः भवन्ति।' – रिक्तस्थान की पूर्ति उचित विकल्प से करें –

(A) बलवती (B) बलवान्

(C) बलवन्त् (D) बलवत्

36. 'शानच्' प्रत्यय का उदाहरण निम्न में कौन–सा है ?

(A) वर्धमानम् (B) पठितवान्

(C) पठितम् (D) गन्तव्यम्

37. 'कुर्वन्' में कौन–सा प्रत्यय है ?

(A) शानच् (B) शतृ

(C) क्त्वा (D) तुमुन्

38. 'ठक्' प्रत्यय से निर्मित पद निम्न में कौन–सा है ?

(A) सामाजिकः (B) स्वर्णमयम्

(C) बुद्धिमान् (D) सौन्दर्यम्

39. 'अगच्छः' किस लकार का रूप है ?

(A) लृट् (B) लङ्

(C) लोट् (D) लट्

40. 'पृथिव्याः' पद में कौन–सी विभक्ति है ?

(A) तृतीया
(B) द्वितीया
(C) षष्ठी
(D) सप्तमी

41. 'तेषु' पद का मूलरूप है –

(A) एतत्
(B) तत्
(C) यत्
(D) अदस्

42. 'अध्यापनम्' में कौन–सा उपसर्ग है ?

(A) अभि
(B) अधि
(C) अति
(D) उत्

43. 'प्रत्यहम्' में कौन–सा उपसर्ग है ?

(A) प्र
(B) प्रति
(C) परि
(D) परा

44. किस वाक्य में 'यतश्च निर्धारणम्' सूत्र से सप्तमी विभक्ति हुई है ?

(A) नदीषु गंगा श्रेष्ठा अस्ति।
(B) तिलेषु तैलं भवति।
(C) आगते रामे मोहनः गृहं गतः।
(D) रुदिते पुत्रे पिता वनं जगाम।

45. अलम् (समर्थ) के योग में कौन–सी विभक्ति होती है ?

(A) तृतीया
(B) चतुर्थी
(C) पंचमी
(D) सप्तमी

46. 'सः मासं व्याकरणम् अधीते।' वाक्य किस सूत्र का उदाहरण है ?

(A) तथायुक्तं चानीप्सितम्
(B) क्रियाविशेषणे द्वितीया
(C) कालाध्वनोरत्यन्त संयोगे
(D) अकथितञ्च

47. 'सम्प्रदान कारक' में कौन–सी विभक्ति होती है ?

(A) तृतीया (B) द्वितीया

(C) चतुर्थी (D) पंचमी

48. 'पीताम्बरः' में कौन–सा समास है ?

(A) बहुव्रीहि (B) अव्ययीभाव

(C) द्विगु (D) द्वन्द्व

49. 'द्विगु समास' का उदाहरण निम्न में कौन–सा है ?

(A) गोलगृहम् (B) यथाशक्ति

(C) अष्टाध्यायी (D) रामलक्ष्मणौ

50. किस समास का उत्तरपद प्रधान होता है ?

(A) द्विगु (B) तत्पुरुष

(C) द्वन्द्व (D) बहुव्रीहि

51. 'विश्वासभूमिः' का विग्रह क्या होगा ?

(A) विश्वासस्य भूमिः (B) विश्वासात् भूमिः

(C) विश्वासे भूमिः (D) विश्वासेन भूमिः

52. 'तद्दानम्' पद में कौन–सी संधि है ?

(A) स्वर (B) व्यंजन

(C) विसर्ग (D) अयादि

53. 'कविरयम्' में किन–किन वर्णों की संधि हुई है ?

(A) स् + अ (B) र + अ

(C) र् + आ (D) ः + अ

54. 'मात्रादेशः' का सही संधि–विच्छेद है –

(A) मातृ + आदेशः (B) मात्र + ओदशः

(C) माता + आदेशः (D) मातृः +आदेशः

55. ' सः + गच्छति' की संधि क्या होगी ?

(A) सो गच्छति (B) सागच्छति

(C) सगच्छति (D) सौ गच्छति

56. 'न्यवसत्' किस संधि का उदाहरण है ?

(A) दीर्घ (B) गुण

(C) यण् (D) अयादि

57. 'अनाहूतः' किस समास का उदाहरण है ?

(A) द्वन्द्व (B) द्विगु

(C) नञ् (D) अव्ययीभाव

58. 'अन्तरा' अव्यय के योग में कौन–सी विभक्ति होती है ?

(A) पंचमी (B) षष्ठी

(C) सप्तमी (D) द्वितीया

59. 'रुच्यर्थानां प्रीयमाणः' सूत्र का उदाहरण निम्न में कौन–सा है ?

(A) बालिका पुष्पेभ्यः स्पृह्यति। (B) बालकाय फलानि रोचन्ते।

(C) सः शिक्षकात् पठति। (D) रामः मोहनाय शतं धारयति।

60. 'आचार्यः ....... वेदान् अपाठयत्। – रिक्तस्थान की पूर्ति उचित विकल्प से करें–

(A) चत्वारः (B) चतस्रः

(C) चतुरः (D) चत्वाराः

61. अन्त्येष्टि संस्कार कब होता है ?

(A) मरणोपरान्त (B) शैशवावस्था में

(C) वृद्धावस्था में (D) गृहस्थाश्रम में

62. संस्कार प्रायः कितने प्रकार के होते हैं ?

(A) तीन (B) सोलह

(C) पाँच (D) छः

63. 'समावर्त्तन संस्कार' का उद्देश्य क्या है ?

(A) गुरुगृह से गृहस्थ जीवन में प्रवेश करना

(B) वेदारंभ करना

(C) गुरु के पास जाना

(D) मुण्डन कराना

64. 'उपनयनम्' किस संस्कार के अन्तर्गत आता है ?

(A) शैशव (B) शिक्षा

(C) विवाह (D) जन्मपूर्व

65. 'नीतिश्लोकाः' पाठ में कितने श्लोक हैं ?

(A) पाँच (B) दस

(C) बारह (D) सात

66. 'पराक्रमः ............ हन्ति।' – रिक्तस्थान की पूर्ति उचित विकल्प से करें।

(A) अकीर्तिं (B) अनर्थं

(C) क्रोधं (D) अलक्षणं

67. 'नीतिश्लोकाः' पाठ के आधार पर परमतृप्ति क्या है ?

(A) विद्या (B) क्षमा

(C) धर्मः (D) अहिंसा

68. 'अपृष्टः' पद का अर्थ है –

(A) पूछे हुए (B) बिना पूछे हुए

(C) पढ़े हुए (D) बिना पढ़े हुए

69. रामप्रवेश राम को 'छात्राणाम् अध्ययनं तपः' का उपदेश किसने दिया ?

(A) पिता (B) साथी

(C) गुरु (D) माता

70. 'कनीयसी' पद का अर्थ है –

(A) बड़ी (B) छोटी

(C) पुरानी (D) नयी

71. रामप्रवेश राम की प्रतिष्ठा कहाँ–कहाँ है ?

(A) गाँव में (B) शहर में

(C) घर में (D) अपने प्रांत और केन्द्रप्रशासन में

72. दलितों ने हिन्दू समाज का तिरस्कार कर क्या कियाा ?

(A) मरणान्तरण (B) धर्मान्तरण

(C) मर्मान्तरण (D) अन्तरान्तरण

73. स्वामी दयानन्द का जन्म किस राज्य में हुआ था ?

(A) बिहार (B) गुजरात

(C) उत्तर प्रदेश (D) मध्य प्रदेश

74. स्वामी दयानन्द घर छोड़कर घूमते हुए कहाँ पहुँचे ?

(A) काशी (B) मथुरा

(C) प्रयाग (D) हरिद्वार

75. 'विहाय' अव्यय का अर्थ है –

(A) छोड़कर (B) दौड़कर

(C) लिखकर (D) खेलकर

76. किन लोगों ने हिन्दू समाज का तिरस्कार करके धर्मान्तरण स्वीकार किया ?

(A) दलित लोग (B) सम्पन्न लोग

(C) धार्मिक लोग (D) किसान लोग

77. 'मंदाकिनी' का अर्थ क्या है ?

(A) गंगानदी (B) यमुना नदी

(C) सरस्वती नदी (D) कोसी नदी

78. 'मंदाकिनी वर्णनम्' पाठ में कितने श्लोक हैं ?

(A) सात (B) पाँच

(C) दस (D) आठ

79. 'लाभः' पद में कौन–सा प्रत्यय है ?

(A) घञ् (B) क्त

(C) शतृ (D) ल्यप्

80. 'नदीम् अभितः ......... प्रनृत्त इव।' रिक्तस्थान की पूर्ति उचित विकल्प से करें –

(A) धरा (B) वृक्षः

(C) पर्वतः (D) पादपः

81. 'राजन्' शब्द का रूप सप्तमी विभक्ति के एकवचन में क्या होगा ?

(A) राज्ञि (B) राजसु

(C) राज्ञः (D) राज्ञाम्

82. 'हरति' पद में कौन धातु है ?

(A) हृ (B) हर

(C) धा (D) हन्

83. 'तुमुन्' प्रत्ययान्त अव्यय निम्नलिखित में कौन है ?

(A) नत्वा (B) नन्तुम्

(C) नतम् (D) प्रणम्य

84. 'मानवः' में कौन–सा तद्धित प्रत्यय है ?

(A) यत् (B) त्रल्

(C) ण्यत् (D) अण्

85. 'कोकिला' में कौन–सा स्त्री प्रत्यय है ?

(A) डाप् (B) चाप्

(C) टाप् (D) ति

86. 'प्रागेव यौवनदशायामतिदुर्वृत्त आसम्' – यह किसकी उक्ति है ?

(A) बाघ (B) धार्मिक

(C) पथिक (D) वृद्धजन

87. बाघ के हाथ में क्या था ?

(A) पत्थर (B) जल

(C) बेलपत्र (D) कुश

88. बूढ़ा बाघ क्या देना चाहता था ?

(A) सोने का कंगन (B) चाँदी का कंगन

(C) ताँबे का कंगन (D) सोने का सिक्का

89. किसके बिना ज्ञान भार है ?

(A) क्रिया (B) ध्यान

(C) सम्मान (D) धन

90. 'पटु' का स्त्रीलिंग रूप क्या होगा ?

(A) पटूः (B) पाटवी

(C) पट्वी (D) पटवी

91. 'सर्व + त्रल्' से कौन–सा अव्यय बनेगा ?

(A) सर्वतः (B) सर्वत्र

(C) सर्वथा (D) सर्वदा

92. 'कृतवन्तः' में कौन–सा प्रत्यय है ?

(A) शानच् (B) शतृ

(C) क्तवतु (D) क्त

93. 'पा' धातु के लृट् लकार मध्यम पुरुष बहुवचन का रूप कौन है ?

(A) पास्यसि (B) पिबिब्यथ

(C) पास्यथ (D) पास्यथः

94. किस समास का पहला पद अव्यय होता है ?

(A) द्वन्द्व (B) अव्ययीभाव

(C) तत्पुरुष (D) द्विगु

95. 'नौ + इकः' की संधि क्या होगी ?

(A) नायकः (B) नाविकः

(C) नायिका (D) नाविका

96. 'तत् + शिवः' की सन्धि क्या होगी ?

(A) तच्छिवः (B) तदाशिवः

(C) तच्छिवः (D) ताच्छिवः

97. कर्ण किस देश का राजा था ?

(A) बंगदेश (B) भंगदेश

(C) अंगदेश (D) रंगदेश

98. अशान्ति से क्या होता है ?

(A) नवनिर्माण (B) मानवता का विनाश

(C) मानवता का कल्याण (D) मनुष्यता का उत्कर्ष

99. 'शास्त्रकाराः' पाठ किस शैली में है ?

(A) कथोपकथन (B) प्रश्नोत्तर

(C) आख्यान (D) उपदेशात्मक

100. 'वारणः' पद का अर्थ है –

(A) घोड़ा (B) हाथी

(C) सोना (D) कपड़ा

**खण्ड – ब (विषयनिष्ठ प्रश्न)**

**अपठित गद्यांश (13 अंक)**

1. अधोलिखित गद्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर उनपर आधारित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दें :

अ. एकदा एकः काकः पिपासितः आसीत्। सः जलपानाय इतस्ततः अभ्रमत् परन्तु सः कुत्रापि जलम् न अपश्यत्। अन्ते सः उद्याने एकं घटम् अपश्यत्। सः घटस्य समीपे अगच्छत्। तदा सः घटस्य मुखे उपाविशत् अपश्यत् च यत् घटे तु स्वल्पमेव जलम् आसीत्। सः जलं पानाय वारं–वारं प्रयत्नम् अकरोत्। सः जलं पाने सफलः न अभवत् तथापि सः निराशः न अभवत्। ततः सः एकम् उपायम् अचिन्त्यत्। सः पाषाणस्य खण्डानि घटे अक्षिपत्। एवम् घटस्य तलस्थं जलं घटस्य कण्ठे आगच्छत्। सः पर्याप्तं जलम् अपिबत्। सः अति प्रसन्नः अभवत्।

(i) एकपदेन उत्तरत – 2x1=2

(क) पिपासितः कः आसीत् ?

(ख) काकः कस्य मुखे उपाविशत् ?

(ii) पूर्णवाक्येन उत्तरत – 2x2=4

(क) स्वल्पं जलं दृष्ट्वा काकः किम् अकरोत् ?

(ख) पिपासितः काकः कदा प्रसन्नः अभवत् ?

(iii) अस्य गद्यांशस्य एकं समुचितं शीर्षकं लिखत। 1

अथवा

कस्मिंश्चित् नगरे एकः नसीमः नाम धनिकः वसति। नसीमः अतीव उदारपुरुषः आसीत्। सः सदैव निर्धनेभ्यः धनम् वस्त्रहीनेभ्यः च वस्त्रं यच्छति। एकदा तस्य प्रदेशे वर्षा न अभवत्। अन्नस्य तु तस्मिन् प्रदेशे

अभावः एव अभवत्। तदा सः नसीमः सर्वेभ्यः जनेभ्यः अन्नदानम् अकरोत्। सः प्रतिदिनं निर्धनेभ्यः अन्नं भोजनं च यच्छति। तस्य नगरे कोऽपि जनः क्षुधया पीडितः न अभवत्। एकदा नसीमः मार्गे काष्ठभारं वहन् एकं नईमनाम वृद्धम् अपश्यत्। सः तम् अपृच्छत् – ''त्वम् भोजनाय नसीमस्य गृहे किमर्थं न गच्छसि ? वृथा एव वृद्धावस्थायाम् अपि श्रमं करोषि इति।'' वृद्धः अवदत्–''श्रम एव मम जीवनं न तु हस्तप्रसारणम्।''

(i) एकपदेन उत्तरत – 2x1=2

(क) धनिकः कीदृशः पुरुषः आसीत् ?

(ख) नसीमः भारवहम् कम् अपश्यत् ?

(ii) पूर्णवाक्येन उत्तरत – 2x2=4

(क) यदा वर्षा न अभवत् तदा नसीमः किम् अकरोत् ?

(ख) नसीमः वृद्धं किम् अपृच्छत् ?

(iii) अस्य गद्यांशस्य एकं समुचितं शीर्षकं लिखत। 1

ब. एकः टोपिकाविक्रेता टोपिकापुटकं वृक्षस्य अधः निधाय अस्वपत्। तस्य वृक्षस्योपरि स्थिताः वानराः टोपिका विक्रेताम् एव अनुकर्तुम् सर्वाः टोपिकाः पुटकात् निष्कास्य शिरसि धारयित्वा पुनः वृक्षम् आरोहन्। यदा सः टोपिकाविक्रेता प्रबुद्धः तदा तान् वानरान् दृष्ट्वा क्रोधेन स्वटोपिकाम् भूमौ क्षिपति। वानराः सर्वे तमेव अनुकुर्वन्ति, टोपिकाः च क्षिपन्ति। प्रसन्नः टोपिकाविक्रेता सर्वाः टोपिकाः स्वपुटके स्थापयित्वा अग्रे अगच्छत्।

(i) एकपदेन उत्तरत – 2x1=2

(क) पुटके काः सन्ति ?

(ख) टोपिकाविक्रेता कस्य अधः अस्वपत् ?

(ii) पूर्णवाक्येन उत्तरत – 2x2=4

(क) वानराः प्रथमं किं कृत्वा वृक्षम् आरोहन् ?

(ख) पुनः क्रोधेन टोपिकाविक्रेता किम् अकरोत् ?

अथवा

अहं सर्वेभ्यः जलं ददामि। अतः जनाः मां मेघं जलदः, वारिदः, पयोदः, इति नामभिः जानन्ति। सागरः मम जन्मस्थानं, गगने मम गृहं धरा च मम गन्तव्यम् अस्ति। विद्युत् मां प्रकाशयति, पवनः स्वाङ्के लालयति। बालाः मां दृष्टवा हृष्यन्ति, जनाः प्रसीदन्ति, कृषकाः मोदन्ते मयूराः च नृत्यन्ति। तापेन व्याकुलधरायाः पिपासा मया एव शाम्यते। अहम् एव सर्वप्राणिनां जीवनम् अस्मि।

(i) एकपदेन उत्तरत– 2x1=2

(क) कः मेघं लालयति ?

(ख) मेघस्य जन्मस्थानं किम् ?

(ii) पूर्णवाक्येन उत्तरत – 2x2=4

(क) के मेघं दृष्ट्वा हृष्यन्ति ?

(ख) जनाः मेघं कैः नामभिः जानन्ति ?

## <u>संस्कृते पत्रलेखनम्</u>

### <u>(8 अंक)</u>

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखें :– 2x4=8

(क) अपने विद्यालय के वार्षिकोत्सव का वर्णन करते हुए पिता के प्रति संस्कृत में एक पत्र लिखें।

(ख) अपने बड़े भाई के विवाह के लिए तीन दिन के अवकाश के लिए प्रधानाचार्य को संस्कृत में एक आवेदन पत्र लिखें।

(ग) अपनी बहन को जंतुशाला भ्रमण के विषय में बताते हुए संस्कृत में एक पत्र लिखें।

(घ) चरित्र–प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए प्रधानाध्यापक को एक आवेदन पत्र संस्कृत में लिखें।

## संस्कृते अनुच्छेदलेखनम्

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर सात वाक्यों में संस्कृत में अनुच्छेद लिखें:– 7

   i. व्यायामः
   ii. देववाणी (संस्कृतभाषा)
   iii. पुस्तकालयः
   iv. दूरदर्शनम्
   v. प्रियशिक्षकः

4. अधोलिखित में से किन्हीं छः वाक्यों का अनुवाद संस्कृत में करें : 6

   क. चारों भाइयों में राम सबसे बड़े थे।
   ख. परोपकार पुण्य के लिए होता है।
   ग. हिमालय पर्वतों का राजा है।
   घ. वे लोग कल घर जायेंगे।
   ङ. परिश्रम से सफलता मिलती है।

च. लड़की फूलों को चाहती है।

छ. पेड़ से पत्ते गिरते हैं।

ज. दौड़ती हुई लड़की जमीन पर गिर गई।

झ. इस समय हमलोग खेल के मैदान में खेल रहे हैं।

ञ. कक्षा में 18 (अठारह) लड़के तथा 24 (चौबीस) लड़कियाँ हैं।

ट. पटना में एक विशाल चिड़ियाघर है।

ठ. ऋग्वेद विश्वसाहित्य का सबसे पुराना ग्रंथ है।

## लघु–उत्तरीय प्रश्न

## (16 अंक)

5. अधोलिखित में से किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दें :– 8x2=16

क. प्राचीनकाल में पाटलिपुत्र को शिक्षा का केन्द्र क्यों माना जाता था ?

ख. महान् लोग संसाररुपी सागर को कैसे पार करते हैं ?

ग. बाघ के द्वारा पकड़ लिए जाने पर पथिक अपने मन में क्या सोचता है ?

घ. अलसशाला में आग क्यों लगाई गई ? वर्णन करें।

ङ. पण्डिता क्षमाराव की प्रमुख कृतियों के नाम लिखें।

च. सभी जनों की देशभक्ति कैसी होनी चाहिए।

छ. संस्कारों का सामान्य परिचय दें।

ज. 'नीतिश्लोकाः' पाठ से किसी एक श्लोक को साफ–साफ लिखें।

झ. 'नीतिश्लोकाः' पाठ के आधार पर पण्डित के क्या लक्षण हैं ?

ञ. 'कर्मवीर कथा' के आधार पर रामप्रवेश राम के परिवार का वर्णन करें।

ट. अपने किन गुणों के कारण उन्नीसवीं सदी के समाज सुधारकों में स्वामी दयानन्द श्रेष्ठ माने जाते हैं ?

ठ. मन्दाकिनी का कैसा जल श्रीरामचन्द्रजी के मन को आकर्षित कर रहा है ?

ड. 'कर्णस्य दानवीरता' पाठ का संक्षिप्त परिचय दें।

ढ़. 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की अवधारणा क्यों आवश्यक है ?

ण. ज्योतिषशास्त्र के अन्तर्गत कौन–कौन शास्त्र हैं तथा उनके प्रमुख ग्रंथ कौन से हैं ?

त. शत्रुता का शमन कैसे होता है ?